प्रेषिका,

नित्या पाण्डेय,
अपर प्रधान न्यायाधीश,
पारिवारिक न्यायालय संख्या–9, लखनऊ।

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान प्रधान न्याायाधीश,
पारिवारिक न्यायालय, लखनऊ।

विषयः– पासपोर्ट प्राप्त करने हेतु अनाप्ति प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने के संबंध में प्रस्तुत आवेदन संख्या–122 दिनांकित 02.11.2019 पर एडमिन ए–4 द्वारा पोर्टल पर लगायी गयी आपत्ति के निस्तारण में।

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि प्रार्थिनी द्वारा पासपोर्ट प्राप्त करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने हेतु एक प्रार्थना पत्र दिनांकित 02.11.2019 ई–सर्विसेज जे0ओ0 के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था जिसका आवेदन संख्या 122 है।

एडमिन ए–4 के द्वारा पोर्टल पर आपत्ति अंकित करते हुए प्रार्थिनी को उसको आश्रित पारिवारिक सदस्यों के सबंध में विवरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके संबंध में प्रार्थिनी को सादर अवगत कराना है कि प्रार्थिनी के परिवार में निम्न आश्रित पारिवारिक सदस्य हैं–

1–नित्या पाण्डेय स्वयं प्रार्थिनी, जन्मतिथि 01–07–1979

2–निमिष मिश्रा (अवयस्क–पुत्र), जन्मतिथि 25–12–2009

उपरोक्त के अतिरिक्त माननीय न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में निर्धारित प्रारूप पर शपथ पत्र व प्रार्थिनी का 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ जिसमें 1 फोटोग्राफ स्वयं प्रार्थिनी द्वारा प्रमाणित किया गया है, इस प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न कर मूल रूप में प्रेषित किया जा रहा है।

अतः महोदय से विनम्र निवेदन है कि कृपया प्रार्थिनी के पासपोर्ट बनवाने हेतु कृपापूर्वक अनुमति प्रदान किये जाने हेतु यह प्रार्थना पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें। प्रार्थिनी सदैव आभारी रहेगी।

सादर।

भवदीया,

दिनांक 02–03–2021

(नित्या पाण्डेय)
अपर प्रधान न्यायाधीश,
पारिवारिक न्यायालय संख्या–9, लखनऊ।
आई0डी0 नंबर–यू0पी0 1584

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।